Adda247

**निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 20 तक) :** निम्नलिखित वाक्य तीन अलग-अलग भागों में विभाजित हैं । इन्हें सावधानी के साथ पढ़ने के बाद अशुद्ध अंश की पहचान करके (A), (B), (C) में से त्रुटि से सम्बन्धित अक्षर को उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए । यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो (D) के माध्यम से सूचित कीजिए ।

1. कृपया (A) रास्ते से (B) हट जायें । (C) कोई त्रुटि नहीं । (D)

2. सब काम (A) करने (B) होंगे । (C) कोई त्रुटि नहीं । (D)

3. मंगलवार के बाद (A) बुद्धवार (B) आता है । (C) कोई त्रुटि नहीं । (D)

4. बेटी (A) पराये घर का धन (B) होता है (C) कोई त्रुटि नहीं । (D)

5. बाघ और बकरी (A) एक घाट (B) पानी पीती है । (C) कोई त्रुटि नहीं । (D)

6. इस बार (A) होली (B) नहीं मनाना चाहिए । (C) कोई त्रुटि नहीं । (D)

7. उसका मन (A) उल्लास से (B) भरा है । (C) कोई त्रुटि नहीं । (D)

8. वास्तव में (A) वह (B) बड़ा आदमी है । (C) कोई त्रुटि नहीं । (D)

9. घर में (A) उन्हों के (B) कई बच्चे हैं । (C) कोई त्रुटि नहीं । (D)

10. उसको (A) दुसाध्य बीमारी (B) है । (C) कोई त्रुटि नहीं । (D)

11. आप (A) क्या (B) दोगे ? (C) कोई त्रुटि नहीं । (D)

12. अब्दुल ने (A) चाय (B) पी । (C) कोई त्रुटि नहीं । (D)

13. वह (A) डरती-डरती (B) घर में घुसी। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

14. हिन्दू (A) और मुसलमानों को (B) मिलकर रहना चाहिए। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

15. मैंने (A) घर (B) जाना है। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

16. मैं (A) आपका दर्शन (B) करने आया हूँ। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

17. वह (A) डर के मारे (B) दौड़ गया। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

18. पाँच आदमियों के (A) सोने का प्रबन्ध (B) यहाँ है। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

19. मुझे (A) कहा (B) गया था। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

20. चोर (A) सेंध मारते (B) पकड़ा गया (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

**निर्देश (प्रश्न संख्या 21 से 30 तक) :** निम्नलिखित वाक्यों में से प्रत्येक वाक्य का एक शब्द रेखांकित है। हर रेखांकित शब्द के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने एक-एक शब्द लिखा गया है। इनमें से, रेखांकित शब्द से अर्थ की दृष्टि से, जो वैकल्पिक शब्द अधिक निकट हो, उसे उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

21. दीरघ-दाघ निदाघ उगलता रहा आग ही

(A) किरण

(B) आकाश

(C) ग्रीष्म ऋतु

(D) शुष्क

22. हरि तुम बहुत अनुग्रह कीन्हो ।

(A) विष्णु

(B) पक्षी

(C) शिव

(D) चंद्रमा

23. रे अजान, एक मेषमाता ही रहती है निर्निमेष

(A) अभिमानी

(B) अबोध

(C) अहंकारी

(D) आत्मप्रशंसक

24. काहु न कोउ सुख दुख कर दाता । निज कृत करम भोज सबु भ्राता ।।

(A) नष्ट किये हुये

(B) भोगे हुये

(C) किये हुये

(D) छोड़े हुये

25. कीरति भनिति भूति भलि सोई । सुरसरि सम सब कहँ हित होई ।।

(A) कविता

(B) भौंरा

(C) भाग्य

(D) सम्पत्ति

26. बड़ सुखसार पाओल तुअ तीरे । छाड़इते निकट नयन बह नीरे ।।

(A) प्रसन्नता

(B) हर्ष

(C) सुख

(D) परमसुख

27. ऐसी बानी बोलिए मन का आपा खोय ।

(A) अज्ञान

(B) असत्य

(C) लोभ

(D) अहंकार

36005771 36005771 36005771 36005771

28. सुनहु कान्ह बलभद्र चबाई जनमत ही को धूत ।

(A) चुप्पा

(B) चाँई

(C) चुगलखोर

(D) चुलबुला

29. सठ सुधरहिं सतसंगति पाई । पारस परस कुघात सुहाई ॥

(A) दानव

(B) दुष्ट

(C) शत्रु

(D) पशु

30. सोभित कर नवनीत लिए ।

(A) माखन

(B) मादक

(C) मनोहर

(D) मोदक

**निर्देश (प्रश्न संख्या 31 से 40 तक) :** निम्नलिखित वाक्य या वाक्यांशों के लिए चार-चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिये गये हैं । इनमें से जो विकल्प आपको वाक्य या वाक्यांश के अर्थ के सर्वाधिक निकट लगे, उसको चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

31. लौटकर आया हुआ

(A) आगत

(B) अतिथि

(C) आगन्तुक

(D) प्रत्यागत

32. जिसके पास न पहुँचा जाय

(A) दुर्गम

(B) असम्भव

(C) अगम्य

(D) अज्ञात

33. जो सबमें व्याप्त है

(A) ब्रह्म

(B) सर्वव्यापी

(C) भगवान्

(D) सामर्थ्यवान्

34. गिरा हुआ

(A) नीच

(B) पतित

(C) अधम

(D) पापी

35. जो सबको समान भाव से देखे

(A) समदर्शी

(B) सुदर्शन

(C) निष्पक्ष

(D) संन्यासी

36. जो बहुत कठिनाई से मिलता है

(A) क्लिष्ट

(B) असाध्य

(C) कठिन

(D) दुर्लभ

37. जिसे त्यागा न जा सके

(A) अपरिहार्य

(B) अवश्यम्भावी

(C) अनिवार्य

(D) अहेतुक

38. जो बहुत जानता है

(A) बहुज्ञ

(B) अल्पज्ञ

(C) सर्वज्ञ

(D) विद्वान्

39. भविष्य में होनेवाला

(A) अज्ञात

(B) भावी

(C) भाग्य

(D) अनहोनी

40. जिस पर आक्रमण हुआ हो

(A) आक्रामक

(B) आक्रान्ता

(C) आक्रान्त

(D) पराजित

निर्देश (प्रश्न संख्या **41 से 50 तक**) : निम्नलिखित तत्सम शब्दों के लिए चार-चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिये गये हैं । इनमें से शुद्ध तद्भव शब्द वाले विकल्प को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

41. खर्पर

(A) खखार

(B) खचरा

(C) खखरा

(D) खपरा

42. सक्तु

(A) सुत

(B) सूत

(C) सत्तू

(D) सत्त

43. चंचु

(A) चंपा

(B) चोंच

(C) चंचल

(D) चंदा

44. वत्स

(A) बच्चा

(B) बच्ची

(C) बाला

(D) बालक

45. सूचि

(A) सूजी

(B) सूक्ति

(C) सूई

(D) सूत

46. कर्म

(A) काज

(B) काम

(C) कार्य

(D) क्रिया

36005771 36005771 36005771 36005771 36005771

47. मया

(A) मैं

(B) माँ

(C) माता

(D) माया

48. चुल्लिः

(A) चाल

(B) चूल्हा

(C) चूहा

(D) चेला

49. शलाका

(A) सिलाई

(B) शाला

(C) श्लोक

(D) सलाई

50. चतुर्थ

(A) चौथा

(B) चारों

(C) चार

(D) चौदह

**निर्देश (प्रश्न संख्या 51 से 70 तक)** : निम्नलिखित मुहावरों के लिए विकल्प (A), (B), (C) और (D) में प्रस्तावित विकल्पों में से अर्थ की दृष्टि से सर्वाधिक सटीक उत्तर को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

51. छुरी चलाना

(A) छुरी से मारना

(B) छुरी से लड़ाई होना

(C) घोर अनिष्ट करना

(D) बहुत सताना

52. चाँदी का जूता मारना

(A) घूस देकर वश में करना

(B) सुख समृद्धि का समय

(C) खूब रुपया पैदा करना

(D) खुशामद करना

53. साँप छछूँदर की हालत

(A) दुविधा

(B) संकट

(C) दुःख

(D) विवशता

61. आग भभूका होना

(A) क्रोध से लाल होना

(B) अति करना

(C) आग धधकना

(D) किसी भयंकर झगड़े में भाग लेना

62. गाल बजाना

(A) अभिमान प्रकट करना

(B) बढ़-बढ़कर बातें करना

(C) गाली देना

(D) चबा-चबाकर बातें करना

63. ओखली में सिर देना

(A) नीच काम करना

(B) बुरी राय देना

(C) छिपकर रोना

(D) जान बूझकर आफत में पड़ना

64. खाक छानना

(A) बहुत ढूँढ़ना

(B) बरबाद करना

(C) छिपाना

(D) पछताना

65. कुआँ खोदना

(A) दूसरे का नाश करने का प्रयत्न करना

(B) संकट में पड़ना

(C) कुएँ से खेत सींचने के लिए पानी खींचना

(D) किसी कुएँ से पानी भरना छोड़ना

66. रास्ता देखना

(A) बुलाना

(B) पसन्द करना

(C) इन्तजार करना

(D) अपना बनाना

67. काँव-काँव करना

(A) भयानक संकट

(B) सिर पर बदनामी लेना

(C) हल्ला-गुल्ला करना

(D) क्रोध करना

54. चुल्लू भर पानी में डूब मरना

(A) पाप करना

(B) डर जाना

(C) लज्जा के मारे मर जाना

(D) अकरणीय कार्य करना

55. नाक काटना

(A) बुरा करना

(B) बदनाम करना

(C) कष्ट देना

(D) फँसाना

56. आँख पसारना

(A) बहुत आदर-सत्कार करना

(B) देखने की शक्ति लौट आना

(C) दूर तक दृष्टि बढ़ाकर देखना

(D) अज्ञान का अन्धकार छाना

57. मुँह छिपाना

(A) भाग जाना

(B) लज्जित होना

(C) चोरी करना

(D) परेशान होना

58. घर बसाना

(A) किसी के घर कुछ माँगने जाना

(B) घर में रहने लगना

(C) मकान तैयार करना

(D) विवाह करना

59. नाच नचाना

(A) प्रेम करना

(B) अपने वश में करना

(C) मनोरंजन करना

(D) तंग करना

60. तिल का ताड़ करना

(A) परिश्रम करना

(B) बात को तूल देना

(C) उन्नति करना

(D) झगड़ा करना

3600571 3600571 3600571 3600571

68. अपनी खिचड़ी अलग पकाना

(A) अपना मतलब निकालना

(B) अपने सुख से आनन्दित होना

(C) अपनी हालत में प्रसन्न रहना

(D) सबसे अलग रहना

69. गंगा नहाना

(A) सार्थक कार्य करना

(B) गंगा की सौगन्ध लेना

(C) कृतार्थ होना

(D) गंगा की पूजा करना

70. कान में तेल डालना

(A) कहीं नहीं जाना

(B) कुछ न करना

(C) अहंकारी होना

(D) कुछ न सुनना

**निर्देश (प्रश्न संख्या 71 से 80 तक) :** निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के लिए विकल्प (A), (B), (C) और (D) के सामने अलग-अलग शब्द दिये गये हैं। इनमें से शुद्ध शब्द को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

71. राजनैतिक

(A) राजनैतीक

(B) राजनीतिक

(C) राजनीतीक

(D) राजनेतीक

72. निरपराधी

(A) निरापाराध

(B) निरापाराधी

(C) निरापराधी

(D) निरपराध

73. शुद्धिकरण

(A) शुद्धीकराण

(B) शुद्धिकराण

(C) शुद्धिकारण

(D) शुद्धीकरण

[P.T.O.

3600571 3600571 3600571 3600571 3600571

74. मुहुर्त्त

(A) मूहुर्त्त

(B) मुहूर्त

(C) मुहूर्त्त

(D) मूहुर्त

75. एकत्रित

(A) एकात्र

(B) एकत्र

(C) एकात्रित

(D) एकात्रीत

76. असहनीय

(A) असह्य

(B) असाहनीय

(C) आसहनीय

(D) असह्यी

77. प्रदर्शिनी

(A) प्रादर्शनी

(B) प्रादर्शिनी

(C) प्रदार्शिनी

(D) प्रदर्शनी

78. अन्तर्ध्यान

(A) आन्तर्ध्याण

(B) आन्तर्ध्यान

(C) अन्तर्धान

(D) अन्तर्ध्याण

79. द्विवार्षिक

(A) द्वैवार्षिक

(B) द्वैवर्षिक

(C) द्विवर्षिक

(D) दैवार्षीक

80. स्थायीत्व

(A) स्थयित्व

(B) स्थाइत्व

(C) स्थायित्व

(D) स्थाईत्व

3600571 3600571 3600571 3600571 3600571
Adda247

निर्देश (प्रश्न सं. **81 से 100 तक**) : निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों के लिए (A), (B), (C) और (D) के रूप में चार विकल्प दिये गये हैं । इनमें से शुद्ध वाक्य को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

81. उसके गले में मोती की माला है ।

(A) उसके गले में मोतियों का माला है ।

(B) उसके गला में मोतियों की माला है ।

(C) उसके गला में मोती की माला है ।

(D) उसके गले में मोतियों की माला है ।

82. देश में भूख की कोई घटना नहीं घटी ।

(A) देश में भुखमरी की कोई घटना नहीं घटे ।

(B) देश में भुखमरी की कोई घटना नहीं घटा ।

(C) देश में भुखमरी का कोई घटना नहीं घटा ।

(D) देश में भुखमरी की कोई घटना नहीं घटी ।

83. प्राचार्य को निवेदन किया ।

(A) प्राचार्य का निवेदन किया ।

(B) प्राचार्य से निवेदन किया ।

(C) प्राचार्य के निवेदन किया ।

(D) प्राचार्य की निवेदन किया ।

84. मेरी कुछ समझ में नहीं आया ।

(A) मेरी कुछ समझ में नहीं आये ।

(B) मेरी कुछ समझ में नहीं आयी ।

(C) मेरी समझ में कुछ नहीं आया ।

(D) मेरी समझ में कुछ नहीं आये ।

85. रेल और बस यात्रा के सस्ते माध्यम हैं ।

(A) रेल और बस यात्रा का सस्ता साधन है ।

(B) रेल और बस यात्रा के सस्ते साधन है ।

(C) रेल और बस यात्रा के सस्ते साधन हैं ।

(D) रेल और बस यात्रा का सस्ता साधन हैं ।

86. श्रद्धामान् को ही ज्ञान देना चाहिए ।

(A) श्रद्धामान को ही ज्ञान देना चाहिए ।

(B) श्रद्धावान् को ही ज्ञान देना चाहिए ।

(C) श्रद्धावान को ही ज्ञान देना चाहिए ।

(D) श्रद्धामान् को ही ज्ञान देनी चाहिए ।

87. पाँव में कुल्हाड़ी मार ली ।

(A) पाँव पर कुल्हाड़ी मार ली ।

(B) पाँव पर कुल्हाड़ी मार लिया ।

(C) पाँव में कुल्हाड़ी मार लिया ।

(D) पाँव पर कुल्हाड़ी मार लिये ।

3600571 3600571 3600571 3600571

88. मोहन सकुशलपूर्वक घर पहुँच गया ।

(A) मोहन सकुशलता घर पहुँच गया ।

(B) मोहन कुशलतापूर्वक घर पहुँच गया ।

(C) मोहन कुशलपूर्वक घर पहुँच गया ।

(D) मोहन सकुशल घर पहुँच गया ।

89. इस समस्या का इलाज हमारे पास है ।

(A) इस समस्या का समाधान हमारे पास है ।

(B) इस समस्या के इलाज हमारे पास है ।

(C) इस समस्या की इलाज हमारे पास है ।

(D) इस समस्या के समाधान हमारे पास है ।

90. मैंने यहाँ आना था ।

(A) मुझको यहाँ आना था ।

(B) मुझे यहाँ आना था ।

(C) मेरे को यहाँ आना था ।

(D) मुझसे यहाँ आना था ।

91. मुझे तो सब एक समान हैं ।

(A) मेरे लिए तो सब एक समान है ।

(B) मेरे लिए सब एक समान हैं ।

(C) मुझे तो सब एक समान है ।

(D) मेरे लिए तो सब एक समान हैं ।

92. सूर्य प्रतिदिन पूर्व से निकल रहा है ।

(A) सूर्य प्रति दिन पूर्व से निकलवाता है ।

(B) सूर्य प्रतिदिन पूर्व से निकलता है ।

(C) सूर्य प्रतिदिन पूर्व से निकलवाते हैं ।

(D) सूर्य प्रति दिन पूर्व से निकलते हैं ।

93. चौराहे में एक सभा होगी ।

(A) चौराहा पर एक सभा होगी ।

(B) चौराहा में एक सभा होगी ।

(C) चौराहे पर एक सभा होगी ।

(D) चौराहे पर एक सभा होगा ।

94. उनका पराजय हो गया ।

(A) उनके पराजय हो गया ।

(B) उनके पराजय हो गयी ।

(C) उनकी पराजय हो गयी ।

(D) उनकी पराजय हो गया ।

95. सूखे से फसल सत्यानाश हो गयी ।

(A) सूखे से फसल का सत्यानाश हो गया ।

(B) सूखे से फसल की सत्यानाश हो गयी ।

(C) सूखा से फसल सत्यानाश हो गयी ।

(D) सूखा से फसल का सत्यानाश हो गया ।

96. दो बसों की टक्कर हो गयी

(A) दो बसों में टक्कर हो गया ।

(B) दो बसों में टक्कर हो गयी ।

(C) दो बस की टक्कर हो गयी ।

(D) दो बसों में टक्कर हो गये ।

97. यह असली भैंस का दूध है ।

(A) यह भैंस के असली दूध है ।

(B) यह भैंस की असली दूध है ।

(C) यह असली भैंस की दूध है ।

(D) यह भैंस का असली दूध है ।

98. भारत में कई जाति के लोग रहते हैं ।

(A) भारत में कई जातियों के लोग रहते हैं ।

(B) भारत में कई जाति के लोग रहते है ।

(C) भारत में कई जाति का लोग रहता है ।

(D) भारत में कई जातियों के लोग रहते है ।

99. सभा में बड़ी मात्रा में लोग आये ।

(A) सभा में बड़े संख्या में लोग आये ।

(B) सभा में बड़ा संख्या में लोग आये ।

(C) सभा में बड़ी संख्या में लोग आये ।

(D) सभा में बड़ा संख्या में लोग आया ।

100. वह बीस दिनों तक भूखा रहा ।

(A) वह बीस दिन तक भूखे रहा ।

(B) वह बीस दिन तक भूखा रहा ।

(C) वह बीसों दिनों तक भूखा रहा ।

(D) वह बीस दिन तक भूखे रहे ।